# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

हौज खास, नई दिल्ली–110016 वेबसाइट : www.iitd.ac.in

## विज्ञापन संख्या: मिशन मोड (सीधी भर्ती)(4)/2023 दिनांक 25 मार्च, 2023

भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए सीधी भर्ती के आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| क्रम. सं. | पदनाम | संवर्ग | रिक्तियों की संख्या एवं समूह | | | | | | | | 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स | आयु सीमा* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अना. | अनु. जाति | अनु. जन जाति | अ.पि.व. | ई. डब्ल्यू. एस. | कुल | पीडब्ल्यूबीडी | | | |
| 01. | तकनीकी सहायक | तकनीकी | 4 | 3 | 5 | 6 | 12 | 30 | 01 पद PwBD LD (OA, OL, BL, Dw, AAV) के लिए आरक्षित | सी | 5 | 30 |
| 02. | कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी | | 5 | 5 | 2 | - | 6 | 18 | 01 पद PwBD HI (D, HH) के लिए आरक्षित | बी | 6 | 35 |
| 03. | तकनीकी अधिकारी | | 7 | 2 | 1 | 3 | 1 | 14 | – | ए | 10 | 45 |
| 04. | कनिष्ठ अधीक्षक (आतिथ्य) | आथित्य | 2 | - | - | 1 | - | 3 | – | बी | 6 | 35 |
| 05 | चिकित्सा अधिकारी (मनो चिकित्सक) | अस्पताल | 1 | - | - | - | - | 1 | – | ए | 10 | 45 |
| **कुल पद** | | | **19** | **10** | **8** | **10** | **19** | **66** | | | | |

* आयु सीमा/ छूट, **भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022** संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारी के बिन्दु 13 परिशिष्ट A1 (प्रावधान युक्त अधिसूचना) पृष्ठ 11 एवं 12 के अनुसार होगी जो संस्थान की आर.टी.आई. वेबसाइट http://rti.iitd.ac.in/ पर उपलब्ध है।

**# भा.प्रौ.सं. दिल्ली के विभागों / केंद्रों / स्कूलों / इकाइयों में संबद्ध क्षेत्रों और विषयों के आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं। आवश्यकता के आधार पर शॉर्टलिस्टिंग समिति का निर्णय सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन इस संबंध में अंतिम होगा।**

**उपरोक्त पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक योग्यता/अनुभव :**

**01 तकनीकी सहायक**

**<u>अनिवार्यः</u>**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान (भौतिकी/रसायन)/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर डिग्री या सिविल/मैकेनिकल/टेक्सटाइल्स/बायोटेक्नोलॉजी/केमिकल/बायोकेमिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्युनिकेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन/कंप्यूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक डिग्री या (AMIE) समकक्ष योग्यता।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान (भौतिकी/रसायन)/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक डिग्री या इंजीनियरिंग/एप्लाइड साइंस में डिप्लोमा या सिविल/मैकेनिकल/टेक्सटाइल्स/बायोटेक्नोलॉजी/केमिकल/बायोकेमिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्युनिकेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन/कंप्यूटर साइंस/एप्लाइड फिजिक्स/एप्लाइड केमिस्ट्री में समकक्ष।

**02 कनिष्ठ तकनीकी अधिकारी**

**<u>अनिवार्यः</u>**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान (भौतिकी/रसायन)/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर डिग्री या सिविल/मैकेनिकल/टेक्सटाइल्स/बायोटेक्नोलॉजी/केमिकल/बायोकेमिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्युनिकेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन/कंप्यूटर साइंस में बी.ई./बी.टेक डिग्री या (AMIE) समकक्ष योग्यता के साथ 01 वर्ष का संबंधित नियमित/स्थायी अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान (भौतिकी/रसायन)/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक डिग्री या इंजीनियरिंग/एप्लाइड साइंस में डिप्लोमा या सिविल/मैकेनिकल/टेक्सटाइल्स/बायोटेक्नोलॉजी/केमिकल/बायोकेमिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्युनिकेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन/कंप्यूटर साइंस/एप्लाइड फिजिक्स/एप्लाइड केमिस्ट्री में समकक्ष के साथ 03 वर्ष का संबंधित नियमित/स्थायी अनुभव।

**03 तकनीकी अधिकारी**

**<u>अनिवार्यः</u>**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ इंजीनियरिंग (एम.एस. (अनुसंधान)/एम.ई.) में एम.टेक. डिग्री या सिविल/मैकेनिकल/टेक्सटाइल/बायोटेक्नोलॉजी/केमिकल/बायोकेमिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्युनिकेशन/इंस्ट्रुमेंटेशन/कंप्यूटर साइंस में किसी विशेषज्ञता में समकक्ष योग्यता के साथ 02 वर्ष का संबंधित नियमित/स्थायी अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान (भौतिकी/रसायन)/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातकोत्तर डिग्री या सिविल/मैकेनिकल/टेक्सटाइल्स/बायोटेक्नोलॉजी/केमिकल/बायोकेमिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्युनिकेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन/कंप्यूटर साइंस में स्नातक डिग्री (बी.ई./बी.टेक) डिग्री या (AMIE) समकक्ष योग्यता के साथ 04 वर्ष का संबंधित नियमित/स्थायी अनुभव।

**अथवा**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ विज्ञान (भौतिकी/रसायन)/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक डिग्री या उपयुक्त क्षेत्र में समकक्ष योग्यता के साथ 05 वर्ष का संबंधित नियमित/स्थायी अनुभव।

**04. कनिष्ठ अधीक्षक (आतिथ्य)**

**अनिवार्यः**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 55% अंकों के साथ होटल प्रबंधन में स्नातक की डिग्री या समकक्ष एवं 5 साल का संबंधित नियमित/स्थायी अनुभव।

**05. चिकित्सा अधिकारी (मनोचिकित्सा)**

**अनिवार्यः**

भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) की पहली अनुसूची या दूसरी अनुसूची या तीसरी अनुसूची के भाग II (लाइसेंस योग्यता के अलावा) में शामिल मान्यता प्राप्त एमबीबीएस डिग्री योग्यता। तीसरी अनुसूची के भाग II में शामिल शैक्षिक योग्यताधारकों को भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 (1956 का 102) कीधारा 13 की उप–धारा (3) में विनिर्दिष्ट शर्तों को भी पूरा करना चाहिए और इसके बाद अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप पूरा करने के साथ किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव शामिल है।

**वांछनीयः**

(i) मेडिकल कॉलेज या बड़े सरकारी/मान्यता प्राप्त निजी अस्पताल में तीन साल का कार्य अनुभव।

(ii) चिकित्सा की उपयुक्त शाखा में एम.डी. या एम.एस. अथवा संबंधित विशेषता या सुपर–स्पेशियलिटी में डिप्लोमा जिसका उल्लेख स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना जी.एस.आर 272(ई) दिनांक 07.04.2022 की अनुसूची–VI में अनुभाग–ए या अनुभाग–बी. किया गया है।

**अथवा**

चिकित्सा की उपयुक्त शाखा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा या संबंधित विशेषता या सुपर–स्पेशियलिटी में डिप्लोमा जिसका उल्लेख स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की अधिसूचना जी.एस.आर 272(ई) दिनांक 07.04.2022 की अनुसूची–VI में अनुभाग–ए या अनुभाग–बी. किया गया है, साथ ही किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल में न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव।

(iii) उपरोक्त योग्यता डिप्लोमा/एम.डी./एम.एस. अधिमानतः मनोचिकित्सा में होनी चाहिए।

<u>सामान्य निर्देश :</u>

1. अभ्यार्थी को संबंधित पद हेतु आवेदन करने से पहले विज्ञापन में उल्लिखित अपेक्षित न्यूनतम अनिवार्य योग्यताओं, आयु एवं पात्रता अनुभव मानदण्ड के बारे मेंध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए। चूंकि ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रत्याशी द्वारा दिए गए विवरण के आधार पर सभी आवेदनों को जांचा जाएगा, प्रत्याशी जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसकी योग्यता के अनुसार वह स्वयं सन्तुष्ट हों।

2. **एक बार आवेदन जमा करने के बाद किसी भी परिस्थिति में उसमें तब्दीली/पुनः प्रविष्ट नहीं की जा सकती।** एक बार सफलतापूर्वक आवेदन जमा होने के बाद ऑनलाइन आवेदन में प्रत्याशी द्वारा भरे गए किसी भी डाटा/विवरण में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध नहीं माना जाएगा। अतः ऑनलाइन आवेदन करने से पहले सभी डाटा/विवरण पहले से ही तैयार रखें। **<u>प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरने के लिए Mozilla firefox का उपयोग करें।</u>**

3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस./पी.डब्ल्यू.डी. जैसे आरक्षित वर्ग के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अपने नवीनतम सहायक दस्तावेज/प्रमाणपत्र अपलोड करने होंगे। अन्यथा, उनके आवेदन को सरसरी तौर पर खारिज किया जा सकता है।

4. प्रत्येक पद के समक्ष उल्लिखित 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग में वर्णित मैट्रिक्स के अतिरिक्त वेतन मैट्रिक्स के अनुरूप भा. प्रौ.सं. दिल्ली के नियमों के अन्तर्गत स्वीकार्य सामान्य भत्ते दिए जाएंगे।

5. भर्ती पोर्टल पेमेन्ट गेटवे के माध्यम से समूह 'ए' पदों के लिए शुल्क ₹500/–(केवल पांच सौ रुपए) तथा समूह 'बी' एवं 'सी' पदों के लिए ₹200/–(केवल दो सौ रुपए) शुल्क का भुगतान करना होगा। **<u>केवल शुल्क भुगतान के बाद ही जमा किया गया आवेदन पत्र स्वीकार होगा।</u>** एक बार शुल्क का भुगतान होने के बाद किसी भी स्थिति में शुल्क वापिस अथवा पुनः समायोजित नहीं होगा। अनु. जाति/अनु. जनजाति, दिव्यांग श्रेणी तथा महिला प्रत्याशियों को शुल्क से छूट प्राप्त है।

6. शैक्षिक अर्हता तथा अनुभव को पूरा करना मूल आवश्यकता है। सामान्य तौर पर मानकों का पालन करते हुए प्रत्याशी को भर्ती/चयन के स्तरों में आगे बढ़ते हुए मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा।

7. **आवेदकों की भारी संख्या होने की संभावना में भर्ती परीक्षा के आयोजन से पहले आवेदनों की जांच आदि नहीं की जा सकती है**। जिसके कारण आवेदनों की जाँच प्रावधिक रूप से की जाएगी।

8. उम्मीदवारों को प्रावधिक रूप से लिखित और कौशल परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी। केवल भर्ती परीक्षा (परीक्षाओं) में उपस्थित होना उम्मीदवार की योग्यता के लिए मानदंड नहीं है। वास्तविक चयन आवेदन पत्र में उल्लिखित दस्तावेजों और सूचनाओं के सत्यापन के साथ–साथ संबंधित पद के लिए संबंधित अनुभव रखने सहित सभी पात्रता मानदंडों को पूरा करने के आधार पर किया जाएगा। **यदि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/जानकारी गलत पाई जाती है या अनुभव उस पद के लिए संबंधित अथवा उपयुक्त क्षेत्र में या संबंधित नहीं है जिसके लिए उम्मीदवार ने आवेदन किया है या संबंधित जानकारी को छुपाया गया है, तो ऐसे में उम्मीदवार को शेष चयन प्रक्रिया में उपस्थित होने के लिए अस्वीकृत किया जा सकता है, संस्थान द्वारा शुरू की गई किसी भी अन्य कार्यवाही पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उम्मीदवार की अभ्यर्थिता/अस्थायी चयन रद्द/अस्वीकार कर दिया जाएगा।**

9. आवेदकों को यह भी सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अपने पूरे अनुभव और शैक्षणिक प्रदर्शन को उचित स्थान पर भरें। बाद में जोड़ने/हटाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही ऑनलाइन आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर उम्मीदवार की योग्यता का आकंलन किया जाएगा। बाद में कोई अतिरिक्त दस्तावेज जोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

10. भा.प्रौ.सं. दिल्ली बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है या यह सक्षम प्राधिकारी के आदेश के अनुसार किसी भी खंड में संशोधन कर सकता है। इसी प्रकार, संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विज्ञापित किसी भी पद के लिए या सभी पदों के लिए रिक्तियों की संख्या को बढ़ाने या घटाने, भर्ती को पूरी तरह से स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

11. चयन प्रक्रिया में उत्पन्न होने वाले किसी भी विवाद/अस्पष्टता/भ्रम के मामले में निदेशक, भा.प्रौ.सं. दिल्ली का निर्णय अन्तिम होगा।

12. **<u>यात्रा भत्ता (टीए) प्रतिपूर्ति</u>**
निश्चित मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए बाहरी उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता (टीए) का भुगतान नहीं किया जाएगा। हालांकि, मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए बुलाए गए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को ड्यूटी/निवास स्थान से दिल्ली और सबसे छोटे मार्ग से वापस जाने के लिए नियमानुसार रेलवे किराए का भुगतान किया जाएगा। संबंधित प्रत्याशी द्वारा NEFT विवरण देने पर स्वीकार्य राशि उनके बैंक खाते में अंतरण कर दी जाएगी तथा साक्षात्कार स्थल पर कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जो उम्मीदवार पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार के संगठनों, स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों आदि सेवाओं में है वे इसके लिए स्वीकार्य नहीं हैं।

13. दिव्यांगों/भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षण/छूट तथा उनसे संबंधित प्रतिशत केन्द्र सरकार के वर्तमान आदेशों के अनुसार होंगे।

14. चयनित प्रत्याशी भा.प्रौ.सं. दिल्ली के किसी भी परिसर में सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

15. चिकित्सा अधिकारी (मनोचिकित्सा) के लिए अधिवर्षिता की आयु 65 वर्ष है इसके अतिरिक्त सभी पदों के लिए अधिवर्षिता की आयु 60 वर्ष है।

16. (क) प्रत्याशी ऑनलाइन आवेदन केवल **25.03.2023 से 24.04.2023 को सांय 5.00 बजे तक** कर सकते हैं। इसमें दोनों तिथियां सम्मिलित है।

(ख) ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करने के लिए संस्थान वेबसाइट पर जाए:

- Direct Link: *https://ecampus.iitd.ac.in/IITDSR-0/login*
- Alternatively: *http://www.iitd.ac.in/jobs-iitd/index.html*

(ग) सरकारी/अर्धसरकारी संगठनों/लोक उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में नियोजित प्रत्याशी पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र का प्रिंट सभी जरुरी दस्तावेजों (स्वसत्यापित) जमा करने की अंतिम तिथि से 10 दिनों के भीतर उचित माध्यम द्वारा भेजें। ऐसा न करने पर प्रत्याशी को चयन प्रकिया के समय अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए उन्हें अग्रिम प्रति **भर्ती प्रकोष्ठ, कमरा नं. 207/सी–7, उप निदेशक (प्रचालन) कार्यालय के निकट, आईआईटी दिल्ली, हौज खास, नई दिल्ली–110016** पर भेजनी होगी। उम्मीदवार को स्पष्ट रूप से लिफाफे के शीर्ष पर **''विज्ञापन सं. MISSION MODE (DR)(4)/2023 DATED 25/03/2023 के पद ________________ के लिए आवेदन''** लिखना होगा।

(घ) अपूर्ण और डुप्लीकेट आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

(ड.) प्रत्याशियों को योग्यता के क्रम में (10वीं, 12वीं, स्नातक से आगे), अनुभव (वर्तमान से शुरू करके अंतिम तक), नवनीतम वेतन पर्ची, जाति प्रमाणपत्र आदि सभी आवश्यक दस्तावेजों को आवेदन पत्र में उल्लिखित क्रम में एक पी.डी.एफ. फाइल **(2MB से अधिक नहीं)** में अपलोड करना होगा।

17. **प्रत्याशियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन में अपने सही और सक्रिय ईमेल पते का उल्लेख करें** क्योंकि सभी पत्राचार जैसे कि एडमिट कार्ड जारी करना या कोई अन्य जानकारी केवल ई–मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।

18. पात्रता, आवेदन पत्र का स्तर, डाक से विलम्ब, परीक्षा/साक्षात्कार के संचालन और परिणाम आदि के लिए न बुलाए जाने के कारण के संबंध में किसी भी पत्र व्यवहार पर विचार नहीं किया जाएगा।

19. एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन करना होगा और प्रत्येक पद के लिए निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा।

20. संस्थान एक ऐसा कार्यस्थल बनाने का प्रयास करता है जहां विविधता की समानता हो और सभी वर्ग, जाति, लिंग एवंधर्म के प्रत्याशियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

21. चयन/भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कोई भी कानूनी विवाद दिल्ली के अधिकार क्षेत्र वाले न्यायालयों के अधीन होगा।

22. संस्थान के गैर शैक्षिक कर्मचारियों के लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियम (संशोधन) 2022 के अनुसार नियम एवं शर्ते लिंक *http://rti.iitd.ac.in* पर उपलब्ध है।

23. यदि ऑनलाइन आवेदन करते समय कोई समस्या आती है, तो कृपया ई–मेल *recruitmentcell@admin.iitd.ac.in* के माध्यम से सम्पर्क करें। साथ ही, आवेदकों को नवीनतम अपडेट के लिए संस्थान की वेबसाइट पर निरंतर नजर रखने की सलाह दी जाती है।

24. यदि इस विज्ञापन के अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद में कोई अस्पष्टता/विवादित स्थिति पाई जाती है तो अंग्रेजी संस्करण को अंतिम समझा जायेगा।